प्रीलिम्स फैक्ट्स : 23 नवंबर, 2018

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-23-11-2018

ओर्टोलन बंटिंग (Ortolan Bunting in India)

ortolan bunting

- हाल ही में मंगलोर में बहुत दुर्लभ ओर्टोलन बंटिंग चिड़िया की फोटो ली गई। ऐसा कहा जा रहा है कि संभवत: यह भारत में ओर्टोलन बंटिंग का पहला फोटोग्राफ रिकॉर्ड है।
- ओर्टोलन या ओर्टोलन बंटिंग (Emberiza hortulana), गाने वाली एक छोटी चिड़िया (finch-like songbirds) है जो बंटिंग परिवार से संबंधित है।
- यह चिड़िया मंगोलिया से लेकर यूरोप तक पाई जाती है और मिडिल ईस्ट होते हुए अफ्रीका तक प्रवास करती है।
- ओर्टोलन बंटिंग बहुधा मिडिल ईस्ट होकर ही प्रवास करती है किंतु प्रवास के दौरान राह भटक जाने पर यह कहीं भी रुक सकती है।
- IUCN ने संकटापन्न प्रजातियों (threatened species) की अपनी लाल सूची (red list) में ओर्टोलन बंटिंग को 'सबसे कम खतरे वाली प्रजाति (Least Concern)' के रूप में वर्गीकृत किया है।
- हालाँकि, इसे सुभेद्य (vulnerable) प्रजाति माना जाता है क्योंकि यह चिड़िया फ्रांसीसी व्यंजन में एक बहुत लोकप्रिय पकवान का केंद्र बिंदु बन गई है।
- यह कहा जाता है कि इस पकवान की प्रक्रिया ओर्टोलन बंटिंग के लिये बहुत ज़्यादा पीड़ा दायक होती है। इन्हें पकड़कर चिमटे से अँधा बना दिया जाता है और छोटे-छोटे काले बक्से में बंद कर दिया जाता है।
- इस अमानवीय शिकार और हत्या को वर्ष 1999 में गैरकानूनी घोषित कर दिया गया था, लेकिन यह अब भी हो रहा है।

प्वाइंट केलिमियर की तबाही (Devastation at Point Calimere)

- साइक्लोन गज (gaza) द्वारा मचाई गई भारी तबाही के बाद प्वाइंट केलिमियर के हालात वियतनाम के उस जंगल की तबाही से मेल खाते हैं जिसे एजेंट ऑरेंज (Agent Orange) से किया गया था।
- एजेंट ऑरेंज, 1960 के दशक में वियतनाम युद्ध के दौरान वनों और फसलों को खत्म करने के लिये अमेरिकी सैन्य बलों द्वारा उपयोग किया गया एक शक्तिशाली तृणनाशक (herbicide) था।
- साइक्लोन गज के कारण होने वाले विनाश में हज़ारों पक्षियों की मृत्यु हो गई है, जिनका प्वाइंट केलिमियर अभयारण्य (sanctuary) में कभी आवास हुआ करता था। ढेरों पेड़ उखड़ गए हैं या उनकी शाखाएँ टूट गई हैं।
- नागपट्टिनम ज़िले (तमिलनाडु) के समुद्र किनारे पर प्रसिद्ध वन्यजीव और पक्षी अभयारण्य प्वाइंट केलिमियर, अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व का एक वेटलैंड (wetland) है। यह भारत में नामित 26 रामसर स्थलों (Ramsar sites) में से एक है।
- प्वाइंट केलिमियर अभयारण्य में उथला पानी, समुद्री किनारे, बालू, समुद्री किनारे पर अवस्थित जंगल, मैंग्रोव (mangroves), शुष्क सदाबहार जंगल, नमकीन लैगून (lagoons) के साथ-साथ मानव निर्मित नमक उत्पादन स्थल भी शामिल हैं।
- आमतौर पर इस अभयारण्य में ग्रेट फ्लेमिंगो (Great flamingo), पेंटेड स्टोर्क (Painted Stork), लिटिल स्टिंट (Little Stint), सीगल (Seagull) और ब्राउन-हेडल गल (Brown-headed gull) पाए जाते हैं।